卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 22 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦29 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## त्योहारों पर खरीददारी में वोकल फॉर लोकल को ध्यान में रखें: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 106वें एपिसोड में इस बार त्योहारों पर चर्चा करते हुए कहा कि इस बार त्योहारों की शुरुआत से पहले ही बाजारों में रौनक दिखने लगी है, लेकिन इसमें खास बात यह है कि वोकल फॉर लोकल का असर दिख रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार त्योहारों पर खरीददारी के समय वोकल फॉर लोकल अभियान को ध्यान में रखें और कहीं भी जाने वक्त लोकल लोगों से ही खरीददारी करने की आदत डालें। पीएम ने इसी के साथ गांध ी जयंती के अवसर पर खादी की बिक्री की बात की। पीएम ने कहा कि अब खादी को लेकर लोगों में क्रेज पैदा हुआ है और दिल्ली में इसका असर दिखा है, जहां खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। पीएम ने कहा कि कनॉट प्लेस में एक ही खादी स्टोर में, एक ही दिन में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का सामान लोगों ने खरीदा। इस महीने चल रहे खादी महोत्सव में एक बार फिर बिक्री के अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पीएम ने आगे कहा कि खादी की बिक्री से केवल शहर को नहीं गांव को भी होता है। इसकी बिक्री से बुनकर, हस्तशिल्प कारीगर से लेकर किसानों तक को फायदा होता है। पीएम ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती मनाते हैं। हम भारतवासी, उन्हें कई वजहों से याद करते हैं और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। पीएम ने आगे कहा कि सरदार साहब की जन्मजयन्ती के दिन बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन (शेष पृष्ठ सात पर)



## इसाईयों की प्रार्थना सभा में सीरियल ब्लास्ट

एर्नाकुलम(उद ब्यूरो)। एर्नाकुलम स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में एक के बाद एक जोरदार विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हैं। केरल की एक रैली में हमास नेता के संबोधन के एक दिन बाद ये धमाके हुए हैं। जानकारी के अनुसार कलामासेरी इलाके में ईसाइयों की प्रार्थना सभा हो रही थी, तभी एक के बाद एक कई धमाके हुए। धमाके के वक्त घटनास्थल पर 2000 लोग मौजूद थे, जिसमें से एक की मौत की खबर है। जहां घटना घटी, वहां यहोवा के साक्षियों की प्रार्थना हो रही थी। यहोवा के साक्षी ईसाई धर्म का ही एक संप्रदाय है। हालांकि, इनकी धार्मिक मान्यताएं मुख्यधारा के ईसाईयत से अलग होती हैं। कलामासेरी सीआई विबिन दास ने कहा कि पहला विस्फोट सुबह 9 बजे के आसपास हुआ और उसके बाद अगले एक घंटे में कई विस्फोट हुए। 27 अक्टूबर को शुरू हुई तीन दिवसीय (शेष पृष्ठ सात पर)



KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
50% Off On Making Charges
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

## झांसा देकर युवती से 2.88 लाख की ऑन लाईन ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर क्राईम की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गौरतलब बात यह है कि ऐसी घटनाओं के शिकार अधिकांशतया शिक्षित लोग ही हो रहे हैं। जो अपने आप में सोचनीय विषय बन चुका है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है जिसमें साईबर ठगों ने एक युवती को अपना शिकार बनाकर उससे लाखों रूपये ठग लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रियंका लाल पुत्री राजेश कुमार लाल निवासी मलिक कॉलोनी रूद्रपुर ने कहा है कि वह एसेंट्स सापलिंग्स नामक स्टार्टअप में काम करती हूँ। 27 जून 2023 को उसे एक नम्बर से पार्ट टाइम जॉब ऑफर मैसेज आया। जिसमें उसे रेस्टॉरेंट्स आदि का रिव्यू देने पर प्रतिदिन 500 रूपये तक मेरे खाते में देने का लालच दिया गया। उन्होंने तीन रेस्टॉरेंट्स का रिव्यू कराया तथा एक कोड देकर टेलीग्राम आईडी का पता बताया और कहा इनको मैसेज करके कोड सेंड करें और वह पेमेंट खाते में दे देगें। प्रियंका का कहना है टेलीग्राम जॉइन करने के पश्चात उसने बताई आईडी पर मैसेज किया और कोड सेंड किया तो उन्होंने बैंक अकाउंट डिटेल्स मांगी ताकि वह अकाउंट में 150 रूपये जमा कर सके। उनको अपनी अकाउंट डिटेल्स देने के बाद उसके अकाउंट में 150 रूपये क्रेडिट हो गए। फिर उन्होंने उसे टेलीग्राम ग्रुप में ज्वाइन कराया जिसमें अनपेड टास्क करने पर वह अकाउंट में प्रतिदिन करीब 300 से 400 रूपये तक डालते थे। फिर उन्होंने बोला कि आपको चंपक टास्क करना पड़ेगा अन्यथा आप यह काम आगे नहीं कर सकेंगे। चंपक टास्क की शुरुआत हजार रुपए पर से होगी। जिस पर 1300 रूपये प्राप्त होंगे। उनके खाते में हजार रुपए डाले और पेड़ टास्क को पूरा किया जिसमें उन्होंने अकाउंट में 1300 रुपये क्रेडिट हुए।उन्होंने दूसरा टास्क दिया जो 3000 से ट्रेडिंग स्टार्ट थी। उनके खाते में 3000 रूपये डाले तथा टास्क कंप्लीट करने के बाद अकाउंट में 7800 रूपये प्राप्त हुए। उन्होंने दूसरा टास्क दिया जिसकी धनराशि 20000 रूपये थी। उनसं कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है तो उन्होंने कहा रूपये देने पड़ेंगे। जिस पर उनके अकाउंट में 20000 रूपये की राशि दो भागों में डाली तथा टास्क कंप्लीट किया। इस बार उन्होंने कहा तीसरा टास्क करना पड़ेगा अन्यथा पहली दी हुई राशि वापस नहीं की (शेष पृष्ठ सात पर)

## थल सेना अध्यक्ष ने सपरिवार बाबा केदार और बद्रीनाथ के किये दर्शन

देहरादून/रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। थल सेनाध्यक्ष मनोज पांडे रविवार को सपरिवार भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। थलसेना अध्यक्ष ने यात्रियों के बीच ही दर्शन किए। इस दौरान किसी भी तरह यात्रियों को दर्शन करने से नहीं रोका गया। थल सेनाध्यक्ष रविवार प्रातः साढ़े आठ बजे भगवान केदारनाथ के दर्शन को पहुंचे। जहां बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह और कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उनकी अगवानी की। दर्शन पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न साढ़े दस बजे थल सेना प्रमुख केदारनाथ से बदरीनाथ धाम पहुंचे। परिवार के साथ उन्होंने यहां बदरीनाथ मंदिर में दर्शन और विशेष पूजा की। इसके पश्चात थल सेना प्रमुख बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी से मिले। उन्होंने भगवान बदरीविशाल का प्रसाद गृहण किया। इससे पहले बदरी नाथ- केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनका स्वागत किया।



## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिले में आत्म हत्याओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक खानपुर पश्चिम गदरपुर निवासी 18 वर्षीय पवन प्रजापति पुत्र स्व. छोटे लाल रविवार सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला। पवन को फंदे से लटका देख परिजनों में हड़कम्प च गया। सूचना पर पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

खटीमा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ एक नाबालिग सहित चोरों को किया गिरफ्तार है। पकड़े गये चोर लम्बे समय से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस दोनों की कुंडली खंगाल रही है। जानकारी देते हुए उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से ऑटो लिफ्टिंग गिरोह सक्रिय था। जिस पर काबू पाने के लिए कोतवाली पुलिस के द्वारा विशेष टीम गठित की गई है। विशेष पुलिस टीम लगातार वाहन चोरों को दबोचने के लिए प्रयास कर रही थी। इसी के तहत टीम ने क्षेत्र में सक्रिय ऑटो लिफ्टिंग गिरोह के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिलो सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त रणजीत सिंह राणा एवं एक नाबालिग आरोपी शामिल है। दोनों खटीमा क्षेत्र के निवासी हैं। जो क्षेत्र से बाइक चोरी कर बाहरी क्षेत्रों में ले जाकर बेचने का कार्य कर रहे थे। उपनिरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत हुई बाइक चोरी की ज्यादातर घटनाओं में विशेष टीम द्वारा बरामदगी कर ली गई है। साथ ही साथ चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस पिकेट एवं चीता मोबाइल के द्वारा रात्रि के समय क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही हैं।



## तहसीलदार के वाहन पर खनन माफियाओं ने किया पथराव

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध खनन के विरुद्ध तहसीलदार की सख्ती से बोखलाये खनन माफियाओं ने तहसीलदार की गाड़ी पर पथराव कर उन्हें मारने की कोशिश की। इस हमले में तहसीलदार तो सुरक्षित है लेकिन उनकी गाड़ी के शीशे टूट गये हैं। इस बीच तहसीलदार के चालक ने सूझबूझ दिखाई और गाड़ी दौड़ाकर तहसीलदार को बचाया। मामले में तहसीलदार ने आईटीआई थाने में तहरीर दे दी है। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि कि पिछले कुछ दिनों से उन्होंने अवैध खनन को लेकर अभियान छेड़ रखा है और कई वाहन जो अवैध खनन में लगे थे उन्हें सीज करने की कार्रवाई की।अपने इसी अभियान के तहत वह रात में टांडा दभौरा व जैतपुर घोसी में खनन वाहनों की चेकिंग के लिए पीआरडी जवान अंकुर व विवेक को लेकर पहुंचे। मौके पर उन्होंने उन्होंने अवैध खनन में लिप्त एक डंपर को सीज कर दिया। सीज डंपर को एक क्रशर में खड़ा करा दिया। इस कारवाई के बाद जब वह लौटे कि जैतपुर रोड पर उनकी गाड़ी के पीछे 50-60 संदिग्ध मोटरसाइकिल लग गईं। जैसे ही उनकी गाड़ी कच्चे रास्ते पर पहुंची तो उनकी गाड़ी पर एक पत्थर आकर लगा। और उसके बाद लगातार कई पत्थर उनकी गाड़ी पर गिरे। इससे गाड़ी के शीशे चकनाचूर हो गए।तहसीलदार पंकज चंदोला ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को पूरी घटना से अवगत करा दिया है। मामले की तहरीर पुलिस को भी दी गई है।

# 'महारथी' चेहरों पर 'कांग्रेस' खेल सकती है दांव

## नैनीलाल यूएसनगर लोकसभा सीट से यशपाल और माहरा, कुंजवाल और बलूटिया का नाम भी चर्चाओं में शामिल
## हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरदा जबकि अल्मोड़ा, टिहरी और पौड़ी लोकसभा सीट पर मजबूत प्रत्याशी की तलाश

देहरादून/ऊधम सिंह नगर (उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती देने के लिए कांग्रेस नई रणनीति के साथ सियासी मैदान में दावं खेलती नजर आ रही है। 2014 और 2019 के बाद 2024 के चुनाव में भाजपा एक बार फिर जीत की हैट्रिक बनाने की तैयारी में जुट गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार



उत्तराखंड में कांग्रेस पुराने चेहरों पर दांव नहीं लगाना चाहती है। वहीं लोकसभा चुनाव में पार्टी पैराशूट नेताओं को टिकट देकर महज रस्मअदायगी नहीं करेगी बल्कि बड़े जनाधार वाले क्षेत्रीय युवा नेताओं पर भी दांव खेल सकती है। नई रणनीति के तहत बड़े जनाधार वाले दिग्गज नेता यशपाल आर्य और प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का नाम भी चर्चाओं में आ गया है। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद एक समय ऐसा भी आया जब वर्ष 2009 में कांग्रेस ने पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था। इससे पहले 2002 के उप चुनाव में महेंद्र पाल नैनीताल सीट से जीते थे। वहीं इसी सीट पर वर्ष 2004 और 2009 के चुनाव में केसी बाबा ने जीत दर्ज की थी। हांलाकि 2024 के लोकसभा चुनाव में ईंडिया गठबंधन के बाद आगामी सियासी दलों के राजनीतिक समीकरण बदल गये है। उत्तराखंड में लगातार दो लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कर रही सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले के लिये कांग्रेस कस इरादा पांच लोकसभा सीटों पर एंटी इनकमबैक्सी की रणनीति के तहत उलटफेर करने व गैर भाजपा के वोटबैंक पर सेंधमारी करने का बड़ा अवसर माना जा रहा है। इसलिए पार्टी अब पांचों लोकसभा सीट पर उन क्षेत्रीय चेहरों की तलाश में जुटेगी जो भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। इसके साथ ही पार्टी समान विचारधारा वाले दलों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी। बागेश्वर उपचुनाव में पहली बार कांग्रेस पार्टी ने आप पाटी के टिकट पर चुनाव लड़े चेहरे पर दांव लगाकर विधानसभा सीट के समीकरण को रोचक और चुनौतीपूर्ण बना दिया था। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों के कई नाम सामने आ रहे हैं। इनमें से कुछ पहले ही कन्नी काटते दिखाई दे रहे, तो कुछ अघोषित रूप से खुद को प्रत्याशी के तौर पर पेश कर रहे हैं। ऐसे में आगामी चुनाव के रण में कौन महारथी होगा, आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प रहेगा। टिहरी सीट पर पूर्व में एक बार किस्मत आजमा चुके पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह खुले तौर पर चुनाव नहीं लड़ने की बात कह चुके हैं, जबकि विधायक विक्रम सिंह व पूर्व मंत्री नव प्रभात दूसरे संभावित नामों में गिने जा रहे हैं। वहीं हरिद्वार में अघोषित तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के समर्थक उन्हें प्रत्याशी पेश कर चुके हैं। लगातार क्षेत्र में सक्रियता से हरीश रावत कांग्रेस सहित समर्थक नेताओं से मुलाकात कर चुके है। लेकिन पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत भी ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। इस सीट पर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्चारी, राजपाल खरोला और विधायक अनुपमा रावत संभावितों में शामिल हैं। पौड़ी संसदीय सीट पर पूर्व पार्टी अध्यक्ष गणेश गोदियाल और मनीष खंडूड़ी के नामों की चर्चा है। वहीं नैनीताल सीट पर एनडी तिवारी के उत्तराधिकारी के तौर पर दीपक बलूटिया जबकि संभावित नेताओं में गोविंद सिंह कुंजवाल, प्रकाश जोशी, महेंद्र पाल और सुमित हृद्येश जैसे नाम हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का नाम चौंकाने वाला हो सकता है, क्योंकि विस चुनाव में वह दो बार (वर्ष 2007 और 2017) अजय भट्ट को हरा चुके हैं। अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा प्रमुख नामों में शामिल है। हांलाकि वह लगातार दो बार अजय टम्टा के खिलाफ चुनाव हार चुके है। वहीं अल्मोड़ा की आरक्षित सीट से यशपाल आर्य और उनके पुत्र संजीव आर्य को भी उतारा जा सकता है।

## यशपाल आर्य ने ठोकी ताल: नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से बताया प्रबल दावेदार!

रूद्रपुर। उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की बीते दिनों लोकसभा चुनाव ना लड़ने की बात सामने आ रही थी। हांलाकि इसी बीच ता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस बात को साफ करते हुए नैनीताल, उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से दावेदारी पेश की है। उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नैनीताल, उधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। हल्द्वानी स्थित अपने आवास पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने हमेशा से पार्टी के हर फैसले का सम्मान किया है। पार्टी के हर छोटे और बड़े नेता को साथ लेकर चलने का काम किया है। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ताओं की ये मांग है की वो नैनीताल, उधम सिंहनगर लोक सभा सीट से चुनाव लड़े। यशपाल आर्य ने कहा कि इन दोनों सीटों की कई विधानसभा में वो चुनाव लड़कर सदन में क्षेत्र की आवाज को उठा चुके हैं। जिससे उनको क्षेत्र की हर भौगोलिक और राजनैतिक परिस्थितियों के बारे में अच्छे से पता है। अगर पार्टी आला कमान ने उन पर भरोसा जताया तो वह पूरी



मजबूती से नैनीताल, उधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे। यशपाल आर्य ने कहा पार्टी आलाकमान का हर निर्णय उनके लिए सर्वोपरि है। अगर आलाकमान ने उनको लोकसभा चुनाव लड़ने का आदेश किया तो वो पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि यशपाल आर्य ने अपनी राजनीतिक पारी की 1977 के आम चुनाव के बाद शुरू की। 1984 में वो अपने गांव में ग्राम प्रधान बने। इसके बाद 1989 में खटीमा से विधायक बने। फिर साल 1991 के चुनाव में हार कर 1993 में वो फिर से जीते। 1996 में फिर से खटीमा से हारे। इसके बाद वो 2002 और 2007 में आरक्षित सीट मुक्तेश्वर और 2012 में बाजपुर से विधायक बने। साल 2002 में यशपाल आर्य विधानसभा अध्यक्ष बने। इसके साथ ही साल 2007 से लेकर 2014 तक यशपाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे। इसके बाद साल 2017 में उन्होंने बीजेपी ज्वाइन कर ली। जिसके बाद वो फिर से बाजपुर के विधायक बने। भाजपा सरकार में वे परिवहन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण और आबकारी विभागों के मंत्री रहे। इसके बाद उन्होंने एक बार फिर से घर वापसी की और साल 2021 में उन्होंने दोबारा से कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली।

## सीएम ने किया पुलिस लाईन में बैरकों एवं आवासीय भवनों का लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पुलिस लाइन में 53.43 करोड़ की लागत के पुलिस लाइन, प्रशासनिक भवनों, बैरको एवं आवासीय भवनों का लोकार्पण एंव शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस कार्मिकों के कल्याण तथा उनकी आवासीय एवं अनावासीय सुविधाओं की पूर्ति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस दिशा में आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु अगले तीन वर्षों में 100 करोड़ का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी अपने वित्तीय संसाधनों से जितना भी सम्भव होगा, उसके लिए बजट उपलब्ध कराती रहेगी तथा केन्द्रीय योजनाओं से भी पुलिस विभाग को अधिकतम बजट उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के



अनुरूप उत्तराखण्ड पुलिस को एक आधुनिक और स्मार्ट पुलिस बल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था के लिए पुलिस के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपवा दीपावली मेले का शुभारंभ के पश्चात् मेले में लगाये गए स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान सांसद डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री खजान दास, विधायक श्री विनोद चमोली, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार, उपवा की अध्यक्षा श्रीमती अलकनंदा अशोक के साथ ही अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक अरोरा एवं सुशील गाबा ने किया पटेल जयंती सम्मान समारोह का शुभारम्भ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में आयोजित आठवें पटेल जयंती समारोह का विधायक शिव अरोरा एवं भाजपा नेता सुशील दीप जलाकर शुभारम्भ किया। समारोह के आयोजक सौरभ एवं कार्यक्रम संचालक रामाधारी



गंगवार ने विधायक अरोरा एवं भाजपा नेता गावा का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसअ वसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि सरदार पटेल समाज के आदर्श हैं देश के लिए दिया गया उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। अपने संबोधन में सुशील गावा ने उपस्थित सैंकड़ों जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हे भारत का लौहपुरुष के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल की महानतम देन थी 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा न हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। श्री गाबा ने कहा कि आज हमें लोहपुरुष सरदार पटेल जी से प्रेरणा लेकर क्षेत्र में अफवाह फैलाकर जनता को उकसाने एवम भ्रमित करने वाली अलगाववादी ताकतों से लड़ना होगा, जो बिना किसी ठोस आधार के जनता को भड़काते रहते हैं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, कमल श्रीवास्तव, अशोक सागर, भाजपा नेता मनोज मदान, सोनू वर्मा, रामधारी गंगवार, मनोहर लाल गंगवार सहित सैकड़ों क्षेत्रीय जनता उपस्थित थे।

## भाकपा माले की राज्य कमेटी की बैठक में उठे कई जनमुद्दे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की उत्तराखंड राज्य कमेटी की 2 दिवसीय बैठक रुद्रपुर में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा (माले) पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार मजदूर, किसान, छात्र, युवा, रोजगार विरोधी नीतियों को लाकर देश के संसाधनों को अपने अंबानी अडानी सरीखे अपने चहेते पूंजीपतियों के हाथों लूटा रही है। बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है लेकिन सरकार जनता का ध्यान सांप्रदायिक मुद्दों की ओर भटका दे रही है। मोदीराज में अपने पड़ोसी देशों से भी रिश्ते इतने कमजोर हो गए हैं कतर जैसे व्यापारिक रूप से करीबी देश भी हमारे पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा सुना दे रहे हैं लेकिन सरकार को कानों कान खबर नही लगती या फिर सरकार हाथ पर



हाथ धरे बैठी रहती है। ये मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता है। मोदी राज में लोकतंत्र का गला घोटने के लिए स्वतंत्र पत्रकारों और जन मुद्दों को उठाने वाले पत्रकारों को गिरफ्तार किया जा रहा है। विपक्षी दलों की ओर से बनाए गठबंधन से मोदी सरकार इतनी घबराई हुई है कि अब इंडिया शब्द को ही पुस्तकों से हटाने की कोशिश चल रही है। प्रदेश सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार बड़े बड़े दावे करती है। हकीकत में राज्य सरकार ने जनता का घर बार, व्यापार उजाड़ने की नीति पर ही काम कर रही है। आजादी से पूर्व ही वनों के अंदर खत्तों में बसे लोगों के स्कूल, धार्मिक स्थल, शौचालय जैसे बुनियादी ढांचे तोड़कर जंगलों से खदेड़ना चाहती है। दूसरी ओर लकड़ी आधारित उद्योग चलाने वाले आस पास के औद्योगिक इकाइयों के कॉरपोरेट को लकड़ी की आपूर्ति करने के लिए प्राकृतिक जंगलों को काटकर लिपटिस का प्लांटेशन किया जा रहा है। बाजपुर, ऋषिकेश, लालकुआं, हल्द्वानी, औखलकांडा, नगला सहित हर जगह हजारों लोगों का घरबार, व्यापार उजाड़ने की नीति सरकार चला रही है। 3 माह से बाजपुर के 20 गांव के लोग तहसील में अपनी जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। सिडकुल की दर्जनों कंपनियों में मजदूरों का कानूनी हक तक उन्हें नही दिया जा रहा है। लेकिन धामी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। जनता के भीतर भाजपा सरकार की इन जनविरोधी कार्यवाहियो के खिलाफ भारी आक्रोश है और जनता आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसी गूंगी बहरी सरकार को सबक सिखायेगी। बैठक में भाकपा (माले) के आगामी राज्य सम्मेलन और सांगठनिक विस्तार पर भी बात हुई और जनवरी में राज्य सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजा बहुगुणा, कैलाश पांडे, भुवन जोशी, इंद्रेश मैखुरी, अमनदीप कौर, अतुल सती, मदन मोहन चमोली, के के बोरा, विमला रौथान, बहादुर सिंह जंगी, दिनेश तिवारी, अंकित, अतुल सती, कपूर रावत, दुर्गा मेहता, आनंद सिंह नेगी, ललित मटियाली, किशन बघरी आदि राज्य कमेटी सदस्य उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# गुरमत समागम में देश विदेश से आई संगत हुई निहाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के गुरु गद्दी दिवस को समर्पित अमृत प्रचार संगत के जठेदार बाबा जगजीत सिंह के दिशा निर्देशन में दोराहा, बाजपुर उत्तराखंड के पास गेट पॉलिटेक्निक में आयोजित तीन दिवसीय जालंधर एवं भाई भगता सिंह जी अमृतसर वाले, रागी भाई दविंदर सिंह बोदल होशियारपुर द्वारा रागों पर आधारित मनोहर कीर्तन करके संगत को निहाल किया गया। कथावाचक ज्ञानी गुज्जर सिंह असंध, ज्ञानी नरेंद्र सिंह पान करके गुरु के सिद्धांतों पर चलने का प्रण किया गया। इस दौरान अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह द्वारा बच्चों को सुंदर दस्तार सजाकर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा किला खेड़ा के सेवादारों द्वारा



महान गुरमत समागम के दूसरे दिन के दूसरे दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी को रागों पर आधारित गायन करने के उपरांत सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। कार्यक्रम के दौरान भाई जगजीत सिंह जी, सहजपाल सिंह जी, पटियाला, रागी जत्था भाई हरजोत सिंह जी जख्मी करनाल एवं ज्ञानी मनप्रीत सिंह दिल्ली द्वारा संगत को गुरबाणी शब्द विचार एवं गुरु इतिहास के अलावा सिख सिद्धांतों से अवगत कराने की कथा करके संगत को आत्मक जानकारी प्रदान की गई इस दौरान करवाए गए अमृत संचार कार्यक्रम में 40 महिला, पुरुष एवं बच्चों द्वारा अमृत जोड़ा घर में निष्काम सेवा की जा रही है। तीन दिवसीय गुरमत समागम में देश-विदेश और क्षेत्रीय संगत द्वारा सहभागिता करके अपनी हाजिरी लगवाई वही समागम में आयुर्वेदिक, एलोपैथिक और होम्योपैथिक औषधीयों का निशुल्क वितरण किया गया।

# ठुकराल ने किया रामलीला का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जयनगर नंबर 3 में श्री शिव मंदिर समिति अवध रामलीला कला मंच द्वारा आयोजित भव्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीला का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर किया। इस दौरान संस्कृति एवं जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा है स उन्होंने कहा कि रामायण का हर पात्र जीवन के मूल्यों का प्रत्यक्ष प्रमाण है और भारत की लाखों वर्षों पुरानी संस्कृति की प्रस्तुति है हमें लीला के माध्यम से प्रभु राम के आदर्शों एवं जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। प्रभु राम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने रामलीला कमेटी को हर सम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह, समाजसेवी गगन ग्रोवर, युवा समाजसेवी बंटी कोली, आकाश बाटला, बसंत सिंह,



अध्यक्षता समाज सेवी संजय ठुकराल ने की। इस दौरान मर्यादा प्रभु श्री राम लीला का मंचन करने आए वृंदावन मथुरा की प्रसिद्ध रासपार्टी राधा कृषक बिहारी लाल संस्थान द्वारा मंचित के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि श्री राम लीलामंचन भारतीय से जुड़ा हर पात्र एक आदर्श जीवन मूल्यों को अपने अंतर्मन स्थापित करने की शिक्षा देता है। इस दौरान सुंदर लीला के मंचन से भक्तजन मंत्रमुग्ध नजर आए। इस दौरान रामलीला प्रबंधक कमेटी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र ओड़ाकर संदीप सिंह, रघुवीर सिंह, वेद प्रकाश पाल, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, प्रेम सिंह, अनिल सिंह, ओम नारायण मौर्य, शिवनारायण मौर्य, चंद्रभान सिंह, श्याम सिंह, कन्हैया सिंह, ग्राम प्रधान दीपक पाल, प्रेमपाल, कमल सैनी, मोहन राठौर, आदि लोगों उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानाचार्य हरचरण सिंह का निधन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता के पूर्व प्रधानाचार्य हरचरण सिंह का रविवार को लुधियाना पंजाब में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता के पूर्व प्रधानाचार्य हरचरण सिंह लगभग 40 वर्षों तक कॉलेज के प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत रहे। अपने सेवा काल में उन्होंने विद्यालय को नवीन ऊंचाइयां प्रदान करते हुए विद्यालय को प्रसिद्धि के शिखर तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल में विद्यालय नानकमत्ता ही नहीं वरन पूरे तराई क्षेत्र का सबसे प्रसिद्ध विद्यालय बनकर उभरा जहां पर दिल्ली तक से विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते थे। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में इस विद्यालय को उच्च स्थान प्रदान कराया जिसमें प्रमुख रूप से एनसीसी, विद्यालय का बैग पाईपर बैंड, खेल से जुड़ी हुई मंडल स्तर की क्रीडा प्रतियोगिताएं सम्मिलित थीं। श्री हरचरण सिंह 2 वर्ष पूर्व कोरोना से पीड़ित हुए थे उसके बाद से ही उनका स्वास्थ्य लगातार



खराब होता गया। पिछले 6 महीने से वह काफी गंभीर रूप से बीमार थे। उनका निधन उनके कनिष्ठ पुत्र दलवीर सिंह के यहां लुधियाना में हुआ। हरचरण सिंह अपने पीछे दो पुत्र सुखबीर सिंह व दलबीर सिंह तथा एक पुत्री त्रिलोचन कौर सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन पर डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, खटीमा ब्लॉक प्रमुख श्री रणजीत सिंह लाडी नामधारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव उमेश अग्रवाल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, प्रधानाचार्य गुरु नानक इंटर कॉलेज सरदार तरसेम सिंह, प्रधानाचार्य गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज रविंद्र कौर, गुरु नानक एकेडमी के पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर मनिंदर सिंह गुलाटी, पत्रकार वीरेंद्र तिवारी, सुरेश गुलाटी, गुरबख्श सिंह काका, वरिष्ठ भाजपा नेता राजन चौहान, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सूरज सक्सैना, पूर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष तनजीत सिंह रानू, इंद्रपाल सिंह मान, दिनेश रस्तोगी आदि सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# डॉ. रविदत्त गोदियाल लोक सेवा आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष बने

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ. रविदत्त गोदियाल को कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। शनिवार को कार्मिक विभाग ने इस संबंध



में अधिसूचना जारी की है। लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष जगमोहन राणा का कार्यकाल पूरा होने से पद खाली हो गया था। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद कार्मिक विभाग ने आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ. रवि दत्त गोदियाल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है।

# मेगनेंशन गेमिंग संस्था ने किया ई स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेगनेंशन गेमिंग संस्था द्वारा शहर में प्रथम बार ई स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें अपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज के बच्चों द्वारा भाग लिया गया। टूर्नामेंट में आरिफ अली प्रथम स्थान पर और अरून द्वितीय स्थान पर विजेता रहे। अपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज



में गेम सफलतापूर्वक होने के मौके पर आयोजक राहुल राय, मनीष विश्वास, नीरज शर्मा एवं अभिसार सिंह, मै० मेगनेंशन गेमिंग संस्था द्वारा भविष्य में ई- स्पोर्टस गेम को उच्च स्तर पर आयोजन कराने की आशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि यह गेम विदेशों में काफी प्रचलित है, जिसे अपने देश में उच्च स्तर पर आयोजन कराने का प्रयास रहेगा।

# लंगर में सैकड़ों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भगत सिंह चौक पर बद्री केदार सेवा मण्डल द्वारा की जा रही लंगर की सेवा में शनिवार को रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष समाजसेवी अमित गंभीर के परिवार की ओर से लंगर की सेवा की गयी। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। बता दें बद्री केदार सेवा समिति के प्रयासों से पिछले 1 जनवरी 2023 से भगत सिंह चौक पर रोजाना दोपहर को लंगर आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सेवादारों ने राहगीरों को लंगर बांटकर सेवा की।



# महिला को कर्ज दिलाकर फंसे युवक ने खाया जहर, हालत गंभीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। महिला को कर्ज दिलाकर फंसे युवक को इतना प्रताड़ित किया गया कि उसने जहर गटक लिया। हालत नाजुक होने पर उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रही है।पुलिस के अनुसार, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी देवलचौड़ निवासी 35 वर्षीय राकेश बंसल पुत्र स्व. किशन कुमार पेशे से इलेक्ट्रीशियन है। मगर वह काफी समय से बेरोजगार है और किराए के मकान में पत्नी सुनीता, बेटी रिशिका व एक माह पहले पैदा हुए बेटे के साथ रहता है। राकेश के छोटे भाई अंकित ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां रूपन देवी के साथ बद्रीपुरा में रहता है। राकेश ने एक महिला को किसी से ढाई लाख रुपये ब्याज पर दिलाए थे। ये रकम मय ब्याज करीब साढ़े छह लाख हो गई। महिला रकम अदा नहीं कर पा रही थी, जिसके बाद कुछ लोग रुपयों के लिए राकेश को परेशान कर रहे थे। शुक्रवार को उसके भाई ने होंडा शोरूम के पास जहर खा लिया। युवक द्वारा जहर खाने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# गांधी पार्क को समाप्त करना जनहित के खिलाफ: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा नेता आशीष छाबड़ा ने गांधी पार्क को समाप्त करने की योजना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। छाबड़ा ने जारी बयान में कहा कि व्यापारिक गतिविधियां दुकानें, मल्टी स्टोरी पार्किंग आदि



की योजना ऐतिहासिक गांधी पार्क के अस्तित्व को समाप्त कर बनाई जा रही है जो कि व्यापक जनहित के खिलाफ है। उन्होने कहा कि मल्टी स्टोरी पार्किंग हेतू अन्य स्थान की व्यवस्था की जानी चाहिए और गांधी पार्क को हरा भरा बनाये जाने की योजना प्रशासन द्वारा बनाई जानी चाहिए और रुद्रपुर की जनभावनाओं के अनुरूप ही अन्य योजनाएं बनाई जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि गांधी पार्क को समाप्त करने की योजना पर पुन: विचार किया जाना चहिए और शहर की धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संस्थाओं से गांधी पार्क को बचाए जानें की अपील भी की।

# ऑन लाइन बैठक में दिए यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी क्राईम ट्रैफिक डा. जगदीश चंद्र ने आगामी निर्वाचन और जनपद में सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के संबंध में अधीनस्थ पुलिस प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर उन्हे आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी सर्किल सीओ, थाना और चौकी प्रभारियों से कहा कि आगामी चुनावों के शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु सभी संबंधित तैयारी हालत में रहें। चुनाव संबंधी अभिलेख अध्याधिक करें। अपने अपने थानों में सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए आरक्षी व मुख्य आरक्षी नामित करें। उन्होंने कहा कि एसएसपी के निर्देशानुसार सभी अपने अपने थाना चौकी क्षेत्र में सायं 5 से रात्रि 10 बजे तक पेट्रोलिंग में रहेंगे। मुख्य चौराहों में वाहन चेकिंग, नशे के अड्डों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करेंगे। निर्धारित 6 बिंदुओं (जैसे ड्रंकन ड्राइविंग, रैश ड्राइविंग, डी एल निरस्तीकरण आदि) के अनुसार प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करें। एमवी एक्ट में चालानी कार्यवाही के दौरान अधिक से अधिक ऑनलाइन चालान जमा करवाएं, ईख्रचालान मशीन का उपयोग करें। सभी सर्किल, थाना, चौकी प्रभारी अपनी वास्तविक स्थिति से डिस्ट्रिक्ट, सिटी कंट्रोल रूम को अवगत कराएंगे। प्रत्येक सड़क दुर्घटना का विवरण आई आरएडी ऐप में अंकन करें। पंजीकृत अभियोगों में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ई डीएआर की एसओपी के अनुरूप 48 घंटे, 50 दिन तथा 90 दिन के भीतर ट्रिब्यूनल, संबंधित बीमा कंपनी तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को आवश्यक प्रपत्र सूचना से प्रेषित करेंगे। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर अपने अपने क्षेत्रों में यातायात दुरुस्त रखें। संबंधित पुलिस कर्मी अपने ड्यूटी स्थलों में समय से पहुंचे और सक्रियता के साथ कार्य करे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने डिप्लोमा इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा वर्ष 2018 में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, देहरादून से संस्थागत रूप से उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक-DD1511203012 है। दिनांक 25.10.2023 को मेरा उपरोक्त डिप्लोमा इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र मूल रूप में आवास विकास रूद्रपुर क्षेत्रांतर्गत कहीं गिरकर गुम हो गया है, जो काफी तलाश करने के उपरांत भी नहीं मिल पाया।

**प्रदीप बिष्ट पुत्र श्री बक्वी सिंह बिष्ट**
निवासी-गांव सीला मल्ला, जोगिडा,
पल्ला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड
वर्तमान निवासी-आवास विकास, रूद्रपुर
जिला-ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# बंगलूरू रोड शो में किया 18 कंपनियों के साथ 4,600 करोड़ के निवेश पर करार

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य और सुबोध उनियाल की मौजूदगी में निवेशकों के साथ किया एमओयू

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत आज बेंगलुरु में आयोजित रोड शो में उत्तराखण्ड सरकार तथा राज्य में निवेश हेतु उत्साहित विभिन्न क्षेत्रों की 18 कंपनियों के मध्य कुल 4600 करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए गए। देहरादून, हरिद्वार तथा पन्तनगर में फार्मा इकाईयों की भी काफी संख्या में क्लस्टर के रूप में स्थापना हुई है, जिनमें एकम्स एण्ड ड्रग्स, मेन-काइण्ड एस्कंग फार्मा प्रा० लि० प्रमुख हैं। कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य गठन के पश्चात् हमने उत्तराखण्ड को आयुष पड़ोसी राज्यों के साथ उत्कृष्ट कनेक्टीविटी का अतिरिक्त लाभ भी ले रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रचुर मात्रा में जल संसाधनों की उपलब्धता, देश में सबसे कम औद्योगिक विद्युत टैरिफ के साथ राज्य उद्योगों को स्थापित करने और उसके परिचालन हेतु एक इंस्पायर कंपनी कौशल, महिला उद्यमिता क्षेत्र, जीरोहार्म मेडिकल कैनबिस, निशांत अरोमास कंपनी ऑयल, कुमाऊं हिमालयन बेवरेजेज लिमिटेड पेय पदार्थ विनिर्माण संयंत्र, न्यूट्रियार्क प्राइवेट लिमिटेड न्यूट्रास्यूटिकल्स, डाई पेड्रो शुगर





इस अवसर पर निवेशकों को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने कहा कि वर्ष 2000 में पृथक राज्य गठन के पश्चात उत्तराखण्ड राज्य ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक पहचान स्थापित की है। उत्तराखण्ड न केवल देश में, अपितु विश्व में भारत के स्विटजर लैण्ड के नाम से विख्यात है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड भी फार्मा हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उत्तराखण्ड राज्य में के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लिया है। इसके माध्यम से आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को प्रमुखता प्रदान करते हुये पर्यटकों को इन उपचारों का लाभ उठाने का अवसर उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में रेल, सड़क एवं हवाई कनेक्टीविटी में लगातार सुधार हो रहा है। उत्तराखण्ड राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निकट होने के कारण व्यापार और वाणिज्यिक हब और सक्षम वातावरण प्रदान करने में अन्य सभी राज्यों से बहुत आगे है। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेश बगौली, डॉ बी वी आर सी पुरुषोत्तम, डॉ पंकज कुमार पांडे तथा भारी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक एवं उद्योगपति मौजूद रहे। रोड शो में हिमालयन बास्केट एफपी विनिर्माण, सिलेज एग्रो कंपनी पशु पोषण, चारा, भ्रूण स्थानांतरण और क्लस्टर आधारित डेयरी फार्मिंग, इंडस्ट्रीज अस्पताल, स्काईलार्क ड्रोन कंपनी ड्रोन सॉफ्टवेयर, सीडीएसई (इन्क्यूबेटर्स), त्रिलोकेश एक्सपोर्ट्स (लैबग्रोन डायमंड) और इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने में निवेश करेगी। आठ और नौ दिसंबर को देहरादून में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए अब तक लंदन, बर्मिंघम, दुबई, अबूधाबी और दिल्ली, चेन्नई व बंगलूरू में हुए रोड शो में कुल 69300 के निवेश प्रस्ताव पर एमओयू हो चुके हैं।

# अमर शहीदों के त्याग एवं बलिदान का प्रतीक बनेगी अमृत वाटिका

## सीएम ने किया अमृत कलश यात्रा का स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हिमालयन संस्कृति केन्द्र, निम्बूवाला, गढ़ी कैंट में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय 'अमृत कलश यात्रा' में का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत उन वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिन्होंने देश की माटी की खातिर अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि यह कलश यात्रा अमर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को हमारे मस्तिष्क में चिरस्थाई रखने के उद्देश्य से संपूर्ण देशभर में 'मेरी माटी मेरा देश' महाभियान के अंतर्गत चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह अमृत वाटिका उनके द्वारा दिए गए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को



पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि हमारी देवभूमि, वीरों की भूमि है, बलिदानियों की भूमि है, और ये बात हमारे सैनिकों ने अब तक हुए सभी युद्धों में सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री ने कहा की राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री जी के दिशा-निर्देशन में सैनिकों एवं उनके परिवार को मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, विधायक श्री खजानदास सहित आईटीबीपी और एसएसबी के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत दिल्ली में देशभर से लाए गए अमृत कलशों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा अमृत कलश यात्रा में देवभूमि के सुदूरवर्ती अंचलों के 95 विकासखंडों व 101 नगर निकायों से 192 और नेहरू युवा केंद्र से 166 स्वयंसेवक उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।





# तीन शातिर बाईक चोर बदमाशों को किया गिरफ्तार, 16 बाइकें बरामद

## ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, जसपुर, किच्छा सहित यूपी में बाइक चुराते थे

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने तीन अंतरराज्जीय आटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने गन्ने के खेत में छिपाकर रखी गईं चोरी की 16 बाइक बरामद कीं। आरोपी पश्चिमी यूपी और की अगुवाई में टीम गठित की गई थी। टीम ने मोदी मैदान के पास से मुकेश निवासी पौटा कलां, जिरनियां लालौरी खेड़ा थाना बरखेड़ा पीलीभीत, धर्मपाल निवासी ग्राम बरादूनवा अंटागौटिया थाना अमरिया पीलीभीत और अरुण कश्यप वारदातों को अंजाम देते थे। आटोलिफ्टर गैंग का सरगना 19 साल का धर्मपाल है। धर्मपाल पर ट्रांजिट कैंप में तीन, किच्छा में दो और पीलीभीत के सुनगढ़ी थाने में दो केस दर्ज हैं। वह नाबालिग रहते हुए वर्ष 2020 में चोरी के मामले में सबसे



ऊधमसिंह नगर से बाइक चुराने के बाद इनके नंबर प्लेट बदलकर बेच देते थे। शनिवार को आवास विकास चौकी में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि वार्ड नंबर तीन निवासी परिमल देव शर्मा ने 27 अक्तूबर को बाइक चोरी का केस दर्ज कराया था। 28 अक्तूबर को वार्ड नंबर तीन निवासी मनोज कुमार दास ने छह सितंबर को उसकी बाइक घर के बाहर से चोरी होने का केस दर्ज कराया था। खुलासे के लिए एसएचओ निवासी मकान नं 227, वार्ड नं 04 बीएसएनएल टावर के पास थाना माधोटांडा पीलीभीत को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में श्मशान घाट रोड पर गन्ने के खेत में छिपाई गई 16 बाइक को बरामद किया गया। आरोपियों ने ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, जसपुर, किच्छा के अलावा मुरादाबाद, पीलीभीत में बाइक चुराने की बात स्वीकारी है। आरोपी ए ब्लॉक ट्रांजिट कैंप में किराये पर रहकर चोरी की पहले जेल गया था। वह सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर फायर भी कर चुका है। उसके दो साथी अरुण (27) और मुकेश (23) हैं। दोनों पर भी एक-एक केस दर्ज हैं। आरोपी धर्मपाल ने पुलिस को बताया कि उसे बचपन से ही बदमाशी का शौक रहा है। वह चोरी की बाइक बेचने के बाद मिले रुपयों से शौक पूरा करता है। उसे इंस्टाग्राम में रील बनाने का शौक भी है। एक रील में वह खुद को बतौर बदमाश पेश करता नजर आ रहा है।

# जयंती पर भगवान वाल्मीकि को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुई। श्रीमती शर्मा भूत बंगला महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची। जहां समाज विकास परिषद के सदस्यों द्वारा श्रीमती शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, मोहन गोयल, रामाधारी गंगवार, सुदर्शन शर्मा, बाबू अहमद मसूरी, दीपक गुगलानी, आदि का फूल मालाएं पहनाकर, पीत वस्त्र डालकर एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद भव्य शोभा यात्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सुंदर-सुंदर झांकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमन वैध, जॉनी चंडालिया, शिव राजोरिया, मुकेश राजोरिया, बंटी राजोरिया, महावीर प्रसाद सरकानिया, खेमपाल चिंडलीया, अंकित कुमार हडाले, महेंद्र बाल्मीकि, दीपक बाल्मिकी आदि थे।



उन्होंने भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया। यहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने श्रीमती शर्मा का भव्य स्वागत किया। बाद में श्रीमती शर्मा रमपुरा स्थित भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर आयोजन कमेटी द्वारा श्रीमती शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। यहां से श्रीमती शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, सुदर्शन शर्मा, अरविंद सक्सेना, राहुल वाल्मीकि, कालीचरण वाल्मीकि, आदि के साथ गांधी कॉलोनी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची। जहां से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि

# कार्तिक मास की कथा सुनाई

गदरपुर। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में कार्तिक मास की कथा के द्वितीय दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि भगवान के चरणामृत की महिमा यह है कि जो तुलसी की मंजरी सहित भगवान शालिग्राम की एक बूंद चरणामृत का पान करते हैं, वह बड़े-बड़े पापों से मुक्त होकर बैकुंठ को प्राप्त होते हैं। प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म सभा के उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रबंधक सुरेंद्र बजाज के द्वारा अपने दोहते सात्विक के जन्म की खुशी में दी गई।



# जमरानी बांध परियोजना से पेयजल एवं सिंचाई की समस्या का हल होगा:धामी

## प्रभावितों के विस्थापन के लिए पराग फॉर्म में 300 एकड़ जमीन का चयन, सिंचाई के लिए यूपी से एमओयू होगा



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने अपनी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उत्तराखंड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बांध परियोजना के निर्माण से हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या का हल होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना से लगभग 1,50,000 हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होगा, साथ ही हल्द्वानी शहर को वार्षिक 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराए जाने तथा 63 मिलियन यूनिट जल विद्युत उत्पादन का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत जमरानी बांध परियोजना के वित्त पोषण हेतु निवेश स्वीकृति एवं जल शक्ति मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि लखवाड़ प्रोजेक्ट से भी उत्तराखंड के साथ ही हिमाचल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा को पानी का लाभ मिलेगा। लखवाड़ परियोजना के तहत उत्तराखंड देहरादून जिले के लोहारी गांव के पास यमुना नदी पर 204 मीटर ऊंचा कंक्रीट का बांध बनेगा। बांध की जल संग्रहण क्षमता 330.66 एमसीएम होगी। इससे 33,780 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए उत्तराखंड में ''ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'' का आयोजन किया जा रहा है। देश और विदेशों में हुए रोड शो में अब तक 65 हजार करोड़ के एमओयू साइन भी किए जा चुके हैं। इस अवसर पर विधायक श्री सुरेश चौहान, श्रीमती सरिता आर्य, अध्यक्ष कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड (मंडी) श्री अनिल डब्बू, सचिव श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात नवंबर से उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। उनका आठ नवंबर को श्रीनगर गढ़वाल और कुमाऊं दौरे का कार्यक्रम भी है। नौ नवंबर को वह उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगी। शनिवार को मुख्यमंत्री धामी जमरानी बांध को लेकर प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जमरानी बांध से सिंचाई के पानी को लेकर यूपी से जल्द एमओयू होगा। जमरानी बांध निर्माण से लगभग 1200 परिवार प्रभावित होंगे। प्रभावितों के विस्थापन के लिए पराग फॉर्म में 300 एकड़ जमीन का चयन किया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि निवेशक सम्मेलन के लिए अब तक 65000 करोड़ के निवेश पर करार हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश प्राथमिकता रहेगी। जिलाधिकारी से निवेश के लिए तत्काल प्रस्ताव मांगे गए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, देश दुनिया के निवेशक उत्तराखंड में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योग लगे, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया हो। सभी जिलाधिकारियों से जिलों में निवेश की संभावनाओं पर प्रस्ताव मांगे गए हैं। निवेशकों के लिए लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि निवेशक सम्मेलन से पहले अधिक से अधिक एमओयू निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारा जाए।









# विरासत में पोरबंदर, गुजरात के रास की प्रस्तुतियों ने लोगों का दिल जिता

देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2023 के दूसरे दिन की शुरुआत 'विरासत साधना' कार्यक्रम के साथ हुई। विरासत साधना कार्यक्रम के अंतर्गत देहरादून के 8 स्कूलों ने प्रतिभाग किया । जिनमे फीलफोट पब्लिक स्कूल देहरादून, दून इंटरनेशनल स्कूल, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बालावाला, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल सहस्त्रधारा रोड, दून सरला एकेडमी, होप वे पब्लिक स्कूल, टच वुड स्कूल और आसरा ट्रस्ट शामिल है। एलिमिनेशन दौर में लिखित कार्य पूरा करने के लिए टीमों को 20 मिनट का समय दिया गया था। जिसमें दून इंटरनेशनल से वरदान सिंघल और ऐश्वर्या रावत, होप वे पब्लिक स्कूल से ओम बिलालवान और गार्गी धस्माना, टच वुड स्कूल से मानव साका और प्रखर बहुगुणा, दून इंटरनेशनल से अनन्या सिंह और सिद्धांत सोलंकी ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। विरासत हेरिटेज क्विज के विजेता दून इंटरनेशनल से अनन्या सिंह और सिद्धांत सोलंकी रहे।सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ देहरादून के महापौर, सुनील उनियाल गामा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया एवं ए.के. बालियान, पूर्व सीईडी पेट्रोन एलएनजी और ओएनजीसी के निदेशक मानव संसाधन और रीच विरासत के महासचिव आर.के.सिंह के साथ अन्य सदस्य भी मैजूद रहें। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों में पहली प्रस्तुति पोरबंदर, गुजरात का रास' राणा सीडा और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें तलवार नृत्य, ढाल तलवार, मानियारा, रास की गई प्रस्तुतियां दी गई, कलाकारों में राणा भाई सीदा ( लीडर ), मोहन, रमेश, नीलेश, भोजा भाई, खोदा, नितेश, लाखु, राम, नीलेश, मनोज, अर्जुन, नितिन, सागर, हरीश, जय एवं संगीतकार - मेरामन ( गायक ) आंर्व ( शहनाई ), प्रकाश ( ढोल ), अशिफ् ( ढोल ) ने अपना सहयोग दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुतियों में 'मल्लिक ब्रदर्स' द्वारा ध्रुपद प्रस्तुत किया गया एवं उनके प्रदर्शन की शुरुआत राग सरस्वती में ध्रुपद चार ताल बंदिया..'तेरो ही ज्ञान ध्यान, तेरो ही सुमिरन' से हुई। उनकी मधुर आवाज ने एक अद्‌भुत संगीतमय माहौल बना दिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम का समापन राग शिवरंजनी के साथ दिस मात्रा, सूर ताल बंदिया..'शीश गैंग अधंग पार्वती, सदा विराजत कैलाशी' से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की तीसरी प्रस्तुतियों में ओंकार दादरकर जी द्वारा हिंदुस्तानी वोकल गायन प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने अपनी प्रस्तुति की (ख्याल) से शुरू किया एवं उन्होंने प्रदर्शन का समापन भेरवी भजन के साथ किया। पंडित मितिलेश झा जी (तबला),पारुमितामुखर्जी (हारमोनियम), मोहित खान और कमल वर्मा (तानपुरा/स्वर) पर उन्हें सहयोग दिया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कतर की कट्टरता

कतर की अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा सुनाए जाने को लेकर भारत सरकार की चिंता स्वाभाविक है। ये सभी अधिकारी कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। वह कंपनी कतर की नौसेना को प्रशिक्षण देती है। मगर पिछले साल कतर पुलिस ने इन अधिकारियों को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया कि वे इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। इन्होंने कई बार जमानत की अर्जी लगाई, मगर हर बार उसे खारिज कर दिया गया। अब वहां की अदालत ने इन अधिकारियों को फांसी की सजा सुना दी है। भारत सरकार का कहना है कि वह उनके परिजनों से लगातार संपर्क में है और कतर में उन्हें जो भी राजनयिक मदद मुहैया कराई जा सकती है, सब कराई जाएगी। हालांकि कतर की तरफ से इन अधिकारियों के संबंध में भारत को कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। कतर की अदालत के इस फैसले को लेकर स्वाभाविक ही तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग के बीच इस फैसले को भारत के विरुद्ध बदले की भावना से उठाए गए कदम के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ लोग इसमें पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ की साजिश भी मान रहे हैं। कतर कट्टर इस्लामिक देश है। आपराधिक मामलों को लेकर वहां के कानून बेहद सख्त हैं। जासूसी के लिए वहां के कानून के मुताबिक फांसी की सजा मुकर्रर है। अब भारत सरकार का नैतिक दायित्व है कि वह अपने नागरिकों के बचाव में अंतरराष्ट्रीय अदालत में अपील करे। हालांकि यह कोई पहला या अनोखा मामला नहीं है। ज्यादातर देश अपने यहां काम कर रहे विदेशी नागरिकों को शक की नजर से देखते हैं। खासकर दुश्मन देश के नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगा कर सजा सुनाने के मामले अक्सर सामने आ जाते हैं। पाकिस्तान कई बार भारतीय नागरिकों को जासूस बता कर सजा सुना चुका है, मगर भारत सरकार ने उससे निपटने की हर कोशिश की है। हालांकि कतर के साथ भारत के वैसे संबंध नहीं हैं, जैसे पाकिस्तान से हैं। कतर की कुल आबादी का करीब एक चौथाई हिस्सा भारतीय नागरिकों का है, जो वहां काम करते हैं। कतर भारत का सबसे बड़ा गैस निर्यातक है। इस तरह दोनों के बीच कभी कोई तल्खी भी नहीं देखी गई। मगर हाल के कुछ वर्षों में जैसी स्थितियां बनी हैं और इजराइल से भारत की नजदीकी बढ़ी है, उसमें कतर का रुख कुछ बदला हुआ नजर आने लगा है। कतर फिलिस्तीन का समर्थक है और इजराइल उसे फूटी आंखों नहीं सुहाता। वह इस्लाम के विरुद्ध किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं करता। ऐसे में जब भारत ने हमास के हमले की निंदा की, तो उसे नागवार गुजरा होगा। फिर मध्यपूर्व से होकर भारत के व्यापारिक मार्ग खुलने को लेकर भी वह नाखुश रहता है। पाकिस्तान से उसकी काफी नजदीकी है। इसलिए पाकिस्तान के उकसावे के कयास को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। मगर इन कयासों के आधार पर कतर की नीयत को लेकर कोई दावा करना जल्दबाजी होगी। भारत फिलिस्तीनी संप्रभुता की वकालत करते हुए वहां आपदा राहत सामग्री भेज चुका है। फिलहाल भारत के सामने प्रमुख समस्या है कि वह कैसे अपने नागरिकों को फांसी की सजा से बचाए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अदालत में भी पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखना पड़ेगा।

# फिर अपने पैर न पसार पाए पोलियो

सरकार के वृहद अभियानों एवं वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों का ही परिणाम कि पोलियो जैसा रोग आज चिकित्सकों के नियंत्रण में है। जबकि तीसरे और चौथे दशक में हजारो बच्चे पोलियों के शिकार होकर रोजाना काल कवलित हो रहे थे। भारत सरकार सन् 2000 तक पोलियों को जड़ से खत्म करने के भागीरथी अभियान में लगी हुई थी। यह बेहद खुशी का विषय है कि इस पर गत कई वर्षों से सरकार ने पूर्णत: नियंत्रण पा लिया है। जाने माने वैज्ञानिक डॉ. सास्क सथा एस.आई. सोबिन के दिन रात की गई मेहनत का नतीजा है, कि आज भारत में ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी हजारों बच्चों को उक्त डॉक्टरों द्वारा इजाद की गई पोलियो वैक्सिन की बदौलत इस रोग से मुक्ति मिल गई है। पोलियो के संबंध में एन. एन. हास्पिटल के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तोमर ने वर्षों से पोलियो पर विशेष रूप से कार्य करने के साथ पोलियो पल्स कमेटी के चेयरमेन व भूतपूर्व अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पोलियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दूषित हुए पानी को पीने से पोलियो का जन्म होता है, कई स्थानों पर गंदे पाइप का पानी साफ पानी के पाइप में मिलकर बहने लगता है, एवं उस पानी को पीने से पोलियो का वाईरस विशेषकर बच्चों में उत्पन्न हो जाता है। यदि कोई गर्भवती महिला इस तरह के गंदे पानी को पी लेती है, तो गर्भ में बच्चे को पोलियो होने की संभावना बढ़ जाती है। पोलियो होने पर बच्चों को तेज बुखार रहता है, हाथ पाँव में दर्द - रहता है। धीरे धीरे हाथ पांव में ढीलापन होना शुरू हो जाता है, फिर धीरे धीरे अंग पोलियो ग्रस्त हो जाता है। पोलियो का असर तीन वर्ष तक की आयु के बच्चों पर ज्यादा होता है। उसके पश्चात कम होता जाता है। पहले यह हाल था कि विश्व के कुल पोलियो ग्रस्त रोगियों में से साठ प्रतिशत रोगियों की संख्या भारत में ही पाई जाती थी। इनमें से पचीस प्रतिशत तो केवल उत्तर प्रदेश में ही होते थे। दूषित जल के उपयोग के कारण गाजियाबाद, केला का सर्वाधिक प्रभावित था।(उत्तरप्रदेश के गाँवों में इनकी संख्या बहुत अधिक रहती थी ) कभी-कभी ऐसा भी होते देखा गया है कि छोटे बच्चों को पोलियो का खुराक देने के बाद भी उन्हें पोलियो हो जाता है। इस महामारी का भी एक इतिहास है। जब वर्ष 1930, 1940 के दशक में दस हजार से अधिक बच्चे अमेरिका में पोलियो के शिकार हो गये, इतना ही नहीं अमेरिका के राष्ट्रपति को 1921 में 39 वर्ष की आयु में पोलियो ने अपना शिकार बनाया तो



लोगों को पोलियो से छुटकारा दिलाने के लिये वैज्ञानिकों ने पोलियो वैक्सीन की खोज आरंभ की। सबसे पहेल 1908 में डॉ. कर्ट लैण्ट नेटर ने पोलियों को जन्म देने वाले वायरस की खोज की फिर 1948 में जीन लिन एडर्स ने भी पोलियो वायरस की पहचान की और उसे भ्रूण के मस्तिष्क में स्थापित कर यह सिद्ध कर दिया कि पोलियो एक तंत्रिका रोग नहीं है, वरन वायरस जन्य रोग है। और इसका वायरस छोटी आंत में पलता है। इसके बाद 1938 में डॉ सास्क ने पोलियो की वैक्सीन तैयार की। इस वैक्सीन का 151 लोगों पर सफल परीक्षण किया गया। 1954 को 18 लाख 29 हजार बच्चों को सास्क वैक्सीन का टीका लगाया गया। इस परीक्षण के आधार पर सास्क वैक्सीन को पचानवे प्रतिशत प्रभावी पाया गया। किंतु 1955 को खबर आई कि 6 बच्चे जिन्हें पोलियों का वैक्सीन दिया गया था, वे सभी पोलियो के शिकार हो गये है.। परिणामत: अधिसंख्य लोगों का इस वैक्सीन से विश्वास उठ गया। डॉ. सैने ने इसके बाद इस पर अपना अनुसंधान जारी रखा। सैने ने पोलियो रोगी की मृत्यु के बाद परीक्षण से वह नतीजा निकाला कि पोलियो के वायरस रोगियों के मस्तिष्क तथा आंतों में आक्रमण करते हैं। इस परीक्षणों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि यह वैक्सीन तभी प्रभावी हो सकती है, जब वायरस आँतों में पनपता रहे और मस्तिष्क इससे प्रभावित न हो। उन्होंने बाद में पोलियो वायरस की तीन किस्मों का पता लगाकर एक नई और संबंधित पोलियो वैक्सीन की खोज की। यही वैक्सीन विश्व के अनेक देशों में पोलियो उन्मूलन अभियान में प्रयोग मे लायी गई है, और अंतत: आज विश्व में पोलियो उन्मूलन का सपना साकार हुआ है। भारत में भी यही वैक्सीन प्रयोग की जा रही है। विश्व के अनेक देशों में पोलियों से निपटने के लिये पल्स पोलियो. अभियान चलाया गया, जिसके फलस्वरुप 109 देशों को पोलियो से निजात मिल गई है। भारत में भी पल्स पोलियो अभियान गत कई वर्षो से जारी है। पल्स पोलियो का तात्पर्य है कि एक ही समय में अधिक से अधिक बच्चों को दवा पिलाई जा सके। इसको सफल बनाने के लिये जगह - जगह तथा दूर दूर तक पल्स पोलियो केंद्र खोले गये। ताकि काफी दूर तक के बच्चों को एक ही तिथि पर दवाई पिलाई जा सके। 7 अप्रैल 1995 को विश्व स्वास्थ्य दिवस में पोलियो को जड़ से समाप्त करने का प्रण लिया गया था। अनेक संस्थायें, समाज सेवी संस्थायें एवं सरकार भी इस पोलियो उन्मूलन अभियान के प्रति सचेत एवं सक्रिय हैं। केन्द्र व राज्य सरकार ने सन् दो हजार के अंत तक मध्यप्रदेश को पोलियो मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से पाँच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का सघन अभियान 24 अक्टुबर से 16 मार्च सन् 2000 तक चलाने का निर्णय लिया था। अभियान के तहत पोलियो की खुराक और एक साथ पिलाई जाने की व्यवस्था 2000 तक अलग-अलग तारीख मे की जाने की राज्यव्यापी प्रबंध किये गये। पूरे प्रदेश में पोलियो टीकाकरण के लिये 1998-99 में 66 हजार 353 पोलियो बूथ बनाये गये थे। जिन बच्चों का पोलियो से बचाव किया जाना था, उनकी संख्या 110 लाख से अधिक आंकी गई थी। चूंकि पोलियो एक जल जनित रोग है तो इसके बचाव के लिए सबसे अच्छा उपाय है कि सदैव स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करें। अच्छा होगा यदि पानी फिल्टर कर दिया जाये या उबालकर पीएं। नालियों की सुचारू रूप से सफाई होती रहनी चाहिये। जहाँ पर गंदे पानी एवं साफ पानी के पाइप साथ साथ न हों , यही विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राष्ट्रीय टीकाकरण सूची के अनुसार बच्चों को डेढ़ महीने का होने के पश्चात टीका और पोलियो की खुराक दे देना चाहिए। बच्चा बीमार है. उसे उल्टी दस्त और सूखा रोग आदि भी हो तो भी यह दिया जा सकता है। अगर बच्चे को दस्त व बुखार है तो पुलिया की खुराक पूरी तौर पर असर नहीं करती है तो बच्चे के बुखार दस्त ठीक होने के पश्चात पुन: फिर पोलियो की खुराक बच्चे को दिलाएं। पोलियो की और खुराक टीका लगने पर बच्चे को बुखार आ सकता है, जिसमे घबराने की बात नहीं है। बुखार उतारने के लिए पैरासिटामोल की टेबलेट उचित मात्रा में दिया जा सकता है। पोलियो किसी भी का मोहताज नहीं। किसी को भी कभी भी हो सकता है। अत: निश्चित तिथि पर अपने नन्हे बच्चों को साथ लेकर पोलियो अभियान में भाग लें और पोलियो को जड़ से खत्म करने में सहयोग प्रदान करें। तब ही मानव जाति हमेशा इस रोग से मुक्त रह सकेगी।

**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# हम अज्ञानता में जी रहे हैं..

कबीर बड़ा सुंदर कहते हैं..कनक और कामिनी...कनक अर्थात् सोना और कामिनी अर्थात् जिसे देख कर काम जागृत हो, जिसे देख कर उसे पाने की चाह पैदा हो- कबीर कहते हैं, ये दोनों ही मानव के लिए फंदे है..और जो एन दोनों से नि: स्पृह हो गया अथार्त दोनों से उदासीन हो गया वह ब्रह्म को पा गया.



.सोना और कामिनी,दोनों ही मानव को बांधते हैं, इसीलिए तो इन्सान ब्रह्म को पाने की चाह रखता हुआ भी उसे पा नहीं पाता। दो तरह के कामी होते हैं..एक सांसारिक और दूसरा धार्मिक! सांसारिक कामना रखने वाले की कामना अर्थात् इच्छा कभी पूरी नहीं होती..एक की कामना करता है, तो दूसरे की कामना जाग उठती है.. दूसरे की कामना पूरी होती है, तो तीसरे की जाग उठती है-कामनाओं की एक लम्बी श्रृंखला बनती जाती है, जो कभी पूरी नहीं होती. .लेकिन धार्मिक कामी की कामना तो अलग ही होती है..उसे सांसारिक वस्तुओं की नहीं,ब्रह्म की कामना होती है.. सांसारिक कामी धन चाहता है,धार्मिक कामी ब्रह्म चाहता हैस दोनों कामी.. अर्थात् दोनों ही कुछ लेने की कामना रखते हैं,लेकिन दोनों की कामनाओं में अंतर हैस समानांतर रेखाओं की भांति,जो कभी भी किसी बिन्दू पर आपस में नहीं मिलती...सांसारिक कामी कभी संतुष्ट नहीं हो सकता..धार्मिक कामी कभी असंतुष्ट नहीं हो सकता..वह अपने प्रियतम की याद में खोया रहता है और सन्तुष्ट रहता है। राजा जनक के पास एक संत आयेस महल के अन्दर गएस वैभव को देखा तो दंग रह गएससोचने लगे..राजा जनक तो ब्रह्मज्ञानी हैंस कामनाओं से निर्लेप हैं,फिर यह इतना वैभव क्यों? कनक और कामिनी..दोनों ही यहाँ हैं..संत राजा जनक से इसका कारण पूछे बिना रह नहीं सके..। राजा जनक ने कहा..समय आने पर इसका कारण भी बताऊंगा..हर चीज का समय निश्चित हैस समय से पहले कुछ होता नहींस हो जाये, तो पूरा नहीं होता..और जब किसी के होने का समय होता है, तभी वह होता है, और जब होता है तो पता भी नहीं चलता...। संन्यासी दूसरे दिन ही राजा जनक के पास फिर आ गया...संन्यासी, राजसी वैभव क्यों? यह जानना चाहता थास वह हठ करता रहास राजा जनक टालते रहे और फिर एक दिन राजा जनक संन्यासी को एक नदी पर ले गए..स्नान के लिए.. अभी दोनों स्नान कर ही रहे थे कि राजा जनक के महल में आग लग गई..आग लगी नहीं, राजा जनक ने अपनी योग ज्ञान से ऐसा आभास दिलाया कि महल चारों ओर से आग की लपटों में घिरा है..संन्यासी ने महल में लगी आग देखी..वह विचलित हो उठा..घबरा गया...कह उठा...राजा जनक उधर देखें, आपके महल में आग लगी है,सब कुछ जल रहा है, कनक,कामिनी..सब कुछ..आप जाएं। राजा जनक बड़ी उदासीनता से बोले- कोई बात नहीं, आग लगी है,तो लगी रहने दें, वहां क्या है अपना? किस का है? न कुछ लेकर आया था, न कुछ लेकर जाना है,सब कुछ यहीं रह जाना है, मैं चिंता क्यों करूं? आग लगी है तो लगी रहने देंस हम स्नान करने आए हैं, स्नान करें, लेकिन संन्यासी घबरा गया..यों लग रहा था, जैसा उसका कुछ महल में रह गया था. ..राजा जनक को बार-बार कहता.. आओ,आग बुझाने चलें, लेकिन राजा जनक हर बार कह देते...क्या है वहां? मेरा तो कुछ है नहीं, जो था भी, वह भी मेरा नहीं था...जल गया, सो जल गया,फिर चिंता किस की करूं..। लेकिन संत रह नहीं सकास कह उठा..आप का कुछ नहीं है वहां, तो न सही, मेरी लंगोटी तो है वहां..उस दिवार के पास थी, जो आग की लपटों में है.. संन्यासी भागा महल की ओर, अपनी लंगोटी की चिंता में डूबा हुआ... राजा जनक हंस दिए... संन्यासी महल के पास पहुंचा, तब तक आग बुझ चुकी थी.. महल में कुछ भी नहीं जला था , संन्यासी की लंगोटी भी उसी प्रकार पड़ी थी ..संन्यासी हतप्रभ लौटा.. राजा जनक से क्षमा मागंने लगा... वाकई आप विदेही हैं... वाकई आप विदेही है.. वाकई आप कनक और कामिनी से निर्लेप हैंस संसार में रहते हुए संसार की वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए...सांसारिक कर्म भी करने चाहिएं कनक और कामिनी का सुख भोग भी करना चाहिए, लेकिन यही सब कुछ है, यह नहीं सोचना चाहिए..वस्तु बांधती है.. आदमी बंध जाता है,लेकिन वस्तु तो यही रह जानी है.. आदमी ने चले जाना है.. यानी जिसने यह संसार बनाया है, उसी ने ही ये सारी वस्तुएं भी बनाई हैं.. संसार और संसार की वस्तुएं तो यहीं रहनी हैं. .लेकिन इन्हें अपना समझने वाले इन्सान ने ही नहीं रहनास जब यह सत्य है, तो फिर मैं और मेरा क्यों? किसका है यह सब कुछ? जिसका है, उसी ने रख लेना है...इन्सान तो खाहमखाह,किसी को अपना समझ लेता है, यही उसका अज्ञान है, और अज्ञान ही चौरासी लाख योनियों मैं भटकाता है।

**प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# दुर्गा पूजा कमेटी ने की मां लक्ष्मी पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिक श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी ट्रांजिट कैंप द्वारा नवरात्र पर्व पर आयोजित मां दुर्गा पूजा महोत्सव के विधि विधान से सम्पन्न होने के पश्चात गत दिवस मां दुर्गा मंदिर में मां लक्ष्मी का पूजन कराया गया। जिसमे कमेटी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के भरी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। पंडित सुशांत चक्रवर्ती द्वारा सभी से मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाकर सर्व समाज के लिए मंगलकामनाएं की गई। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी सहित, महेश रॉय, अमन सरकार, शुबीर दास, प्रदीप साहा, परिमल राय, सुमित राय, देवाशीष मंडल, जीवन राय, चंद्रशेखर गांगुली, शुभम दास, विजय डे, हरिचाँद सरकार, रोहित अधिकारी, किशोर डे, अभिजीत दास, सचिन मंडल, मोनू ठाकुर, राज चक्रवर्ती, चीनू, केरू मंडल, बिट्टू ढाली, कार्तिक चक्रवर्ती, मीनाक्षी आतुर्थी, गायत्री सरकार, वंदना दास , प्रमोद भट्ट, मंगल सरदार, गोपाल दास, सुजीत मंडल, विक्की बाला, आकाश मंडल, दिनेश तोमर, शंकर सरकार,मनोज हीरा, उदित मजूमदार, रोबिन विश्वास, आलोक मंडल आदि मौजूद थे।





# एसआईटी ने की 21 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

देहरादून। रजिस्ट्री फर्जीवाड़े में एसआईटी ने दो मुकदमों में कुल 21 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। अभी इस पूरे प्रकरण में सात मुकदमे बाकी हैं। जिनमें जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएंगी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि फर्जीवाड़े में अब तक 10 मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हुए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में भी जल्द कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों मुख्य आरोपी केपी सिंह की सहारनपुर में मौत हो चुकी है। इनमें विकास पांडे सरकारी अधिकारी था, लिहाजा उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीट भेजी गई है। बाकी सब पर फर्जीवाड़े और जालसाजी के आरोप हैं। 16 मार्च 2023 में दीपांकुर मित्तल ने मुकदमा कोतवाली शहर में दर्ज कराया था। उनकी पैतृक जमीन को फर्जी दस्तावेज के आधार पर दाखिल खारिज करने के संबंध में तहसीलदार के यहां वाद दायर किया गया। इसमें एसआईटी ने जांच की तो इसमें आठ आरोपियों के नाम सामने आए और उन्हें गिरफ्तार किया गया।15 जुलाई 2023 को एआईजी स्टांप संदीप कुमार श्रीवास्तव की शिकायत पर कोतवाली में विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ। इसमें कुल 13 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। अजय सिंह छेत्री, रोहतास सिंह, विकास पांडे, कमल विरमानी, कंवरपाल सिंह उर्फ के0पी0, महेश चंद उर्फ छोटा पंडित, अजय मोहन पालीवाल,इमरान अहमद, विकास पांडे विकास पांडे शामिल है।

# होली चाइल्ड स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल के ऑडिटोरियम में विद्यालय के किंडरगार्टन विंग से कक्षा 3 का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'जुमान्जी-जंगल में आपका स्वागत है' का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भाषण, नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की एमडी श्रीमति पूजा बत्रा का स्वागत किया गया व बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमति पूजा बत्रा, संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समस्त अतिथियों व अभिभावकों के स्वागतार्थ विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा स्वागत नृत्यगीत का प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों को संगीत की धुन में एक दूसरे के साथ तालमेल



बैठाते हुए नृत्य करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नर्सरी के बच्चों ने बहुरंगी वेशभूषा और आकर्षक संवादों के साथ जंगल नृत्य का प्रदर्शन किया। बच्चों ने नृत्य नाटिका 'मत काटो हमें' के माध्यम से हरे-भरे वृक्षों की सुरक्षा का संदेश दिया। इसके अलावा बौना नृत्य, भूत नृत्य, चंदा मामा गीत पर नृत्य, जादू गीत पर नृत्य इत्यादि विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रत्येक छात्र ने उच्चस्तरीय ऊर्जा का प्रदर्शन करते हुए गीत नृत्य, रोल प्ले तथा संवाद आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की आख्या का प्रस्तुतिकरण किया गया और विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने घोषणा की कि जल्द किंडरगार्टन विंग के नए स्वरूप का उद्घाटन होगा। विद्यालय कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर ने सभी छात्रों एवं अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों को पूरे समारोह में उपस्थित रहने, उस्ताहपूर्वक देखने व बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए धन्यवाद दिया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर ने एक सुंदर और सफल वार्षिक समारोह के आयोजित होने पर सभी बच्चों, शिक्षकों व दर्शकों को धन्यवाद दिया।





# मार्ग चौड़ीकरण कार्य की जांच कराने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैनाल रोड निवासी हेमंत सिंह गोनिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर हल्द्वानी टेढ़ी पुलिया के पास वॉकवे मॉल के पास नैनीताल रोड मैं रास्ता बनाने के संबंध में आरोप लगाते हुए जांच करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए नैनीताल रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। लगातार कार्य चल रहा है। नैनीताल रोड टेढ़ी पुलिया वॉकवे मॉल के पास रोड में अलग से रास्ता बना दिया गया है। जबकि नैनीताल रोड का चौड़ीकरण हो रहा है। यहां पर यह रास्ता कैसे बनाया गया। पुल



के नीचे से बगल से यह जमीन किस विभाग की है। लोक निर्माण विभाग ने अपनी चौड़ाई कितनी रखी। कितने फिट की रोड है। जब नैनीताल रोड का चौड़ीकरण हो रहा है तो यहां पर क्यों नहीं चौड़ीकरण किया गया। क्यों अलग से नैनीताल रोड पर रास्ता बना दिया गया। इस पर जांच होनी चाहिए और रोड का चौड़ीकरण नियम अनुसार होना चाहिए। गोनियाँ ने मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही करने की मांग की।

# अग्निवीर सेना भर्ती रैली एक नवम्बर से,तैयारियां हुई पूर्ण

चंपावत( उद संवाददाता)।कुमाऊं मंडल के दो जिले चंपावत और पिथौरागढ़ के अभ्यर्थियों की बनबसा आर्मी एरिया में 1 से 6 नवम्बर तक सेना भर्ती आयोजित की जाएगी। अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क / एसकेटी, अग्निवीर ट्रेडमैन 10जी और अग्निवीर ट्रेडमैन 8जी की सेना भर्ती में शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों रेली एडमिट कार्ड जिआ वेबसाइट से लॉगिन करके निकाल सकते हैं। यह जानकारी देते हुए भर्ती केंद्र पिथौरागढ़ के निर्देशक कर्नल मेलगे राहुल एन ने बताया कि भर्ती में प्रतिदिन 1000-1500 अभियर्थी दौड़ में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि पूरी भर्ती में कुल 4355 अभ्यर्थियों की दौड़ की जा रही है। सेना भर्ती



के लिए दसवीं की अंकतालिका, 12वीं की अंकतालिका, मूल निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी प्रमाण पत्र, रिलेशन प्रमाण पत्र, गजट प्रमाण पत्र, राज्य/राष्ट्रीय खेल प्रमाण पत्र, अविवाहित प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना होगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी चंपावत नवनीत पांडे ने उप जिलाधिकारी टनकपुर आकाश जोशी, लेफ्टिनेंट कर्नल वीपी भट्ट (सेवा निवृत), एसडबल्यूबी, जेडएसडबल्यू को नोडल अधिकारी नामित करते हुए भर्ती स्थल का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती के दौरान पेयजल के लिए वॉटर टैंकर की व्यवस्था, सफाई कर्मियों की व्यवस्था, एम्बुलेंस, बिजली और मेडिकल टीम को उपस्थित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# जरूरतमंद लोगों के लिए दवा और कंबल वितरण

देहरादून( उद संवाददाता)। समाजसेवी डा.महेंद्र राणा ने जरूरतमंद लोगों के लिए दवा और कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम मोहिनी रोड़ स्थित राफेल सेंटर में आयोजित किया गया । इस दवा वितरण आरोग्य मेडिसिटी इंडिया की तरफ से समय-समय पर देहरादून और हरिद्वार में निशुल्क हेल्थ चेकअप, दवाई वितरण, रेन बसेरों में सर्दियों के समय अलाव जलाना एवं जरूरतमंद लोगों के लिए गर्म कपड़े - कंबलों का वितरण किया जाता सामाजिक परिदृश्य में बुजुर्ग व्यक्तियों पर लोगों का ध्यान कम हो रहा है इसलिए अब लगातार वृद्ध आश्रमों की संख्या में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है, परंतु हम घर में रहकर भी अपने माता-पिता, दादा दादी एवं अन्य वृद्ध व्यक्तियों का ख्याल रख उपलब्ध है, परंतु कई नीतिगत कमियों के कारण हमारे प्रदेशवासी उन जड़ी बूटियां का पूर्ण लाभ नहीं ले पा रहे हैं। डा.महेंद्र राणा ने अपनी टीम के साथ राफेल सेंटर का भ्रमण किया एवं वृद्ध व्यक्तियों , मानसिक रूप से कमजोर





से राफेल सेंटर के चिकित्सालय में लगभग 60 रोगियों के लिए आवश्यक जनरल मेडिसिन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा.महेंद्र राणा बताते हैं कि रहा है। आपको बढ़ चढ़कर समाज सेवा और जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। वह कहते हैं कि वृद्ध व्यक्ति हम सभी के घर में माता-पिता , दादा-दादी के रूप में हैं परंतु अब आधुनिक सकते हैं और हमें रखना भी चाहिए । डा. महेन्द्र राणा कहते हैं कि आरोग्य मेडिसिटी इंडिया सिर्फ एक आयुर्वेदिक चिकित्सा संस्थान ही नहीं है बल्कि यहां से हम उत्तराखंड की धरोहरों एवं पारंपरिक जड़ी-बूटियों को बचाने एवं उनकी जन उपयोगिता में वृद्धि हेतु भी हम सतत जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं । हमारा मानना है कि उत्तराखंड में बेशुमार प्राकृतिक जड़ी-बूटियां बच्चों , चिकित्सालय में भर्ती रोगियों के साथ बैठकर उनके हाल-चाल जाने और भविष्य में भी संस्था की आवश्यक तानुसार यथासंभव मदद का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में आरोग्य मेडिसिटी इंडिया की ओर से रितिका पयाल राणा, मनीता रावत,माधुरी पुंडीर, राजीव चौहान,सपना पाण्डे, आफरीन खघन, सूरज रावत एवं अपर्णा मुखर्जी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**त्यौहारों पर खरीददारी ...**की नींव रखी जा रही है और इस संगठन का नाम - मेरा युवा भारत, यानी डल्ठींतंज संगठन होगा। पीएम ने कहा कि यह संगठन भारत के युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। पीएम ने कहा कि 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा। यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती से जुड़ा है। पीएम ने कहा कि सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं।

**ईसाईयों की प्रार्थना...** बैठक का रविवार को आखिरी दिन था। अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाके हुए तब 2,000 से ज्यादा लोग प्रार्थना सभा में शामिल हो रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और कन्वेंशन सेंटर में हुए बम विस्फोटों के बाद राज्य की स्थिति की जानकारी ली।उन्होंने एनआईए और एनएसजी को भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने के निर्देश दिये। सीएम विजयन ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि हम घटना के संबंध में जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। सभी शीर्ष अधिकारी एर्नाकुलम में हैं। डीजीपी घटनास्थल पर जा रहे हैं। हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं।

**झांसा देकर युवती...**जाएगी तीसरे टास्क की राशि 65000 रूपये जमा करें तीसरा टास्क करने के बाद उन्होंने कहा कि अब आपको 2 लाख रूपये जमा करने पड़ेंगे 7.7.2023 को उनके अकाउंट में 2 लाख रूपये डाले। उन्होंने कहा कि तुमसे गलती हुई है यह राशि लॉस में चली गई अब आप को फिर से 2 लाख रूपये लगाने पड़ेंगे तब आपको आपकी सारी राशि एक साथ ही जाएगी । उनको कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तो उन्होंने बोला कि आपकी राशि वापस नहीं की जाएगी। यह सुनकर ज्ञात हुआ की उसके साथ कुल 2.88 लाख रूपये का फ्रॉड हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**युवक ने फांसी..**के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। दो भाईयों में पवन छोटा था वह सिलाई का काम करता था। आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# शुद्धिकरण के बाद ब्रह्म मुहूर्त में खुले चारों धामों के कपाट

रूद्रप्रयाग। शनिवार को चंद्रग्रहण के चलते चारों धामों के कपाट बंद कर दिए गए थे। शुद्धिकरण के बाद चंद्रग्रहण के बाद आज सुबह 4.30 बजे ब्रह्म मुहूर्त में चारों धामों के कपाट खोल दिए गए हैं।चंद्रग्रहण के बाद शुद्धिकरण करने के बाद चारों धामों के कपाट सुबह 4.30 बजे ब्रह्म मुहूर्त में खोल दिए गए हैं। श्रद्धालुओं ने कपाट खुलने के बाद दर्शन किए। मिली जानकारी के मुताबिक चारों धामों में और बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अंदर आने वाले मंदिरों में दैनिक पूजा शुरू हो गई है। ब्रह्म मुहूर्त में शुद्धिकरण के बाज यमुनोत्री धाम के कपाट भी खोल दिए गए। धाम में श्रद्धालुओं ने मां यमुना के दर्शन किए। बता दें कि शनिवार को इस साल का आखिरी चंद्र ग्रहण देखा गया ये आंशिक चंद्र ग्रहण था। चंद्रग्रहण की शुरूआत शुरुआत रात 1:05 बजे से हुई और 2:24 बजे तक दिखाई दिया।



# तीन किलो से अधिक चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

चंपावत( उद संवाददाता)। पुलिस और एवसओजी ने तीन किलो से अधिक चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि टनकपुर-चंपावत एनएच पर धौन के पास रोडवेज बस संख्या यूके 07 पीए 3206 की शुक्रवार को चेकिंग की गई। 45 वर्षीय अभियुक्त सुरेंद्र सिंह ग्राम बकोड़ा, थाना तामली, जिला चंपावत निवासी है। पुलिस टीम को अभियुक्त के पास से 3.385 किलो चरस बरामद की गई। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने गांव में भांग की खेती कर दो वर्ष में चरस तैयार करने की बात कही है। जिसे बेचने के लिए वह मैदानी क्षेत्र की ओर जा रहा था। बरामदगी में एसओजी के एसआई ललित पांडेय, एचपीयू कांस्टेबल जीवन सौन की प्रमुख भूमिका रही।पुलिस टीम में कोतवाल योगेश उपाध्याय, एसओजी प्रभारी सुरेंद्र खड़ायत, एसआई सोनू, सिंह, कांस्टेबल दुर्गा नाथ आदि शामिल रहे। एसपी पींचा ने बताया कि ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत 2025 तक प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रयासरत है। नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।नाकाम नशे के कारोबार में लिप्त तस्कर नित नए तरीके निकालते रहे हैं। कभी प्राइवेट वाहन से नशे की प्रतिबंधित सामग्री को इधर से उधर ले जाया जाता है। कभी दोपहिया वाहन से तस्करी होती है। इस बार रोडवेज बस में यात्री बनकर चरस तस्करी की योजना को पुलिस की सक्रियता ने विफल कर दिया। एसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस टीम की प्रशंसा की।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हत्या और लूट के आरोपी को 11 साल बाद पंजाब से किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। 11 साल पहले राजपुर क्षेत्र में टैक्सी चालक की हत्या कर इनोवा कार लूटने के मामले में जमानत पर छूटने के बाद से फरार बदमाश को पुलिस ने जालंधर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वहां पहचान छिपाकर एक कंपनी का ट्रक चला रहा था। मामले में एक अन्य आरोपित भी जमानत मिलने के बाद से फरार है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पांच अप्रैल 2012 को राजपुर रोड से पुरकुल की तरफ जा रही सड़क पर एक टैक्सी चालक का शव मिला था। जिसका गला चाकू से काटने के बाद चेहरे को पत्थर से कुचला गया था। पुलिस जांच में पांच आरोपितों के नाम सामने आए, जिन्हें घटना के कुछ दिन बाद गिरफ्तार भी कर लिया गया। इनमें आरोपित मंजीत निवासी गांव काहनपुर, थाना मकसूदा, जनपद जालंधर (पंजाब) और अजय को जेल भेजे जाने के कुछ दिन बाद ही जमानत मिल गई, जिसके बाद दोनों फरार हो गए। तभी से पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। कुछ दिन पहले पुलिस को जानकारी मिली कि मंजीत जालंधर में पहचान छिपाकर



रह रहा है। इस पर जाखन चौकी इंचार्ज विकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक टीम जालंधर भेजी गई। टीम ने वहां तीन दिन तक आरोपित के बारे में जानकारी जुटाई और फिर शुक्रवार को उसे फैक्ट्री के बाहर से दबोच लिया जबकि, आरोपित अजय की तलाश जारी है। मंजीत के विरुद्ध कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी करने के साथ कुर्की के आदेश दिए थे, लेकिन उसका कोई स्थायी ठिकाना नहीं होने के कारण कुर्की की कार्रवाई नहीं हो पाई। आरोपित मंजीत ने पुलिस से बचने के लिए दाढ़ी बढ़ा ली थी। इस कारण वह आसानी से पुलिस से बचता आ रहा था। शुक्रवार को भी उसकी यह तरकीब लगभग सफल हो गई थी। दरअसल, मंजीत जिस फैक्ट्री में काम कर रहा था, उत्तराखंड पुलिस जब वहां पहुंची तो उसे पहचान नहीं पाई, क्योंकि आधार कार्ड में उसकी दाढ़ी नहीं थी। ऐसे में पुलिस ने मंजीत के भाई से संपर्क किया, तब जाकर उसकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस आनन-फानन फिर फैक्ट्री पहुंची और उसे दबोच लिया। बताया जा रहा है कि उस वक्त आरोपित जम्मू भागने की फिराक में था। शनिवार को देहरादून में पुलिस ने उसे कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सर्व समाज के लिए पूज्यनीय हैं महर्षि वाल्मीकि:चुघ

## भगवान वाल्मीकि जागरण में लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री रामायण के रचयिता भगवान महर्षि वाल्मीकि सर्व समाज के लिए पूज्यनीय हैं। इन्हें देवताओं से भी वरदान मिला हुआ था। हम सभी को भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने गत रात्रि महर्षि वाल्मीकि धर्म समाज कल्याण समिति एवं महर्षि वाल्मीकि स्त्री सत्संग सभा द्वारा महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर गांधी कालोनी स्थित वाल्मीकि मंदिर में आयोजित भगवान वाल्मीकि जागरण में प्रतिभाग कर महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के चरणों में शीश नवाकर आर्शीवाद लेने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का देवी देवताओं सहित सभी साधु संत सम्मान करते थे। उनके विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। देवताओं से मिले वरदान की दिव्य शक्ति से महर्षि वाल्मीकि जी ने प्रभु श्री राम के जीवन के हर क्षण की



कथा रामायण के रूप में लिखी। जिसे पिछले हजारों वर्षों से आज भी पूजा जाता है। श्री चुघ ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण कथा से सभी को अच्छे कार्य करने की प्रेरणा लेकर इसे अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा उन्हें पगड़ी पहनाकर एवं पट्टिका ओढ़ाकर सम्मानित किया। भगवान महर्षि वाल्मीकि जागरण में आमंत्रित भजन गायक कलाकार रूद्रपुर की पूजा राय, रामपुर के प्रशांत राजौर, सरजू चौहान, अल्मोड़ा के आकाश कुमार भारती तथा मुरादाबाद के अभिषेक रत्नाकर ने भजनों के माध्यम से भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की महिमा का गुणगान किया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर ललित गोयल, राज कोली, राकेश तिवारी, राहुल कोली,बंटी रखोलिया,संजय राठौर, शिवा बेनवाल, विनोद, ज्ञानचंद, सुरेंद्र, संजय राजौरिया, राजकुमार, रोहन पिवाल,अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

# नशीले इंजेक्शनों का सौदागर किया गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए नशे के एक और सौदागर को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान नशे के एक सौदागर को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अनिरुद्ध पांडे निवासी हल्द्वानी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल नौ प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर नशा तस्कर अनिरुद्ध पाण्डे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि. शंकर नयाल, कानि.भूपेन्द्र जेष्ठा व मो. यासीन शामिल थे।

# 23 नवंबर को 21 निर्धान कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

## बाल सुंदरी परिणय सेवा संस्था की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण

काशीपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल सुंदरी परिणय सेवा संस्था के द्वारा 23 नवंबर को देव उठावनी एकादशी के पावन मौके पर 21 निर्धन परिवार की कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी संस्था के महासचिव सुरेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर 2015 से निरंतर चौती मेला परिसर में संस्था के द्वारा निर्धन परिवार की कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल को छोड़कर अब तक 129 निर्धन परिवार की कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है जो सुखी दांपत्य जीवन जी रही है। गत वर्ष 4 नवंबर को भी संस्था ने 11 कन्याओं का विवाह धूमधाम से कराया था। संस्था



के द्वारा यह सामूहिक विवाह का सातवां आयोजन है। सुरेश शर्मा ने बताया कि सामूहिक विवाह की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के दौरान नव दंपति को गृहस्ती से संबंधित उपहार भी भेंट किए जाएंगे। इसी तरह कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आनंद कुमार ने बताया कि सामूहिक विवाह का यह कार्यक्रम बासियों वाला मंदिर समिति की ओर से वर्ष 2007 में शुरू किया गया। वर्ष 2010 तक समिति के अध्यक्ष द्वारा प्रतिवर्ष 11 गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाता रहा। तत्कालीन समिति के अध्यक्ष के निधन के बाद आयोजन बंद कर दिया गया। इसके बाद आनंद कुमार ने अपने पिता स्वर्गीय बाबूराम से प्रेरणा लेकर 22 नवंबर 2015 को 21 निर्धन परिवार की कन्याओं का सामूहिक रूप से विवाह कराते हुए एक बार फिर से इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। इसी तरह पत्रकार वार्ता के दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रमुख पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि सामूहिक विवाह में फेरे सनातन धर्म के अनुसार विधि विधान से करवाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विवाह के उपरांत वर वधु पक्ष को विवाह प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।


